दे इतना सँवारे सलोने मुझे दे इतना,

दे इतना सँवारे सलोने मुझे दे इतना,
सबके काम मैं आउ मैं भी मौज उड़ाऊ,
दे इतना सँवारे सलोने मुझे दे इतना,

जब जब बाबा तेरे दर पे मैं आउ,
झोली भर कर अपनी मैं तो ले जाऊ,
तेरी किरपा श्याम हमेशा बनी रही,
खर्चे की न दाता कोई कमी रहे,
मिलके बाँट के खाऊ मैं भी मौज उड़ाऊ,
दे इतना सँवारे सलोने मुझे दे इतना,

मेरे दर पे कोई सवाली आ जाये,
तेरी किरपा से श्याम वो खाली ना जाए,
दिल में तेरे नाम की हरदम मौज रहे,
भक्तो के घर श्याम दिवाली रोज रहे,
खुशियों के द्वीप जलाऊ मैं भी मौज उड़ाऊ,
दे इतना सँवारे सलोने मुझे दे इतना,

तू दाता हम सदा आपके दास रहे,
सदा आपके भक्त जानो के पास रहे,
जो कुछ कहना तुमसे दीना नाथ कहे,
तेरे होते नाथ न खुद को अनाथ कहे,
रोमी के संग मैं भी गाउ मैं भी मौज उड़ाऊ,
दे इतना सँवारे सलोने मुझे दे इतना,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/4679/title/de-itna-sanware-salone-mujhe-de-itna-sabke-kaam-main-aau-main-bhi-mauj-udaau

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |